# यश के स्टार्टअप को 2.10 लाख की मदद



यश तिवारी • सौजन्य से लवि

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बी.बी.ए अंतरराष्ट्रीय व्यापार तीसरे सेमेस्टर के छात्र यश तिवारी के स्टार्टअप को उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति के तहत दो लाख 10 हजार रुपये की मदद मिली है। यश ने बताया कि इस स्टार्टअप का केंद्र 'हाकर' नामक एक अत्याधुनिक तकनीकी प्लेटफार्म है, जो भारतीयों के शापिंग और यात्रा करने के तरीके को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है।

पहले फेज में उत्पाद का उद्देश्य सड़क विक्रेताओं, समाज और अपार्टमेंट्स के निवासियों के बीच की खाई को पाटना है। स्टार्टअप 'हाकर' ब्रांड नाम के तहत एक तकनीकी प्लेटफार्म प्रदान करता है, जो किराना, भोजन और अन्य वस्तुओं के लिए यात्रा और शापिंग को सरल बनाता है। सबसे पहले जो भी वेंडर इससे जुड़ेंगे उनके डाक्यूमेंट पूरे कराकर सूचीबद्ध किया जाएगा। आने वाले समय में उनकी रियल टाइम मानीटरिंग भी की जा सकेगी। इस स्टार्टअप को लखनऊ विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेल से मिले विशिष्ट मार्गदर्शन के आधार पर अंतर्गत उत्पाद का ब्लूप्रिंट और प्रोटोटाइप डिजाइन विकसित कर चुका है। स्टार्टअप ने हाल ही में यूपी सरकार से एक समर्थन ग्रांट की पहली किस्त भी प्राप्त की है। अब स्टार्टअप प्रोटोटाइप डिजाइन को एक न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद में बदलने के लिए फंड की तलाश कर रहा है, ताकि एक आधिकारिक लांच जल्द ही किया जा सके।